महत्वपूर्ण एवं खास

86 वाहनों चालकों से 31000 रुपए वसूल

दुर्ग-रायपुर (आरएनएस)। दिनांक 09.11.2024 को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन मुकेश ठाकुर, अति0 पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय खेस एवं यातायात टीम द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कुल 86 वाहनों पर कार्यवाही कर 31000/- रूपये जुर्माना वसूला गया। जिसमें दुपहिया वाहन में बिना हेलमेट पर 26, तीन सवारी में 26, बिना कागजात 15, नो पार्किंग 11 एवं बिना नंबर वाहनों में 08 वाहनों में कार्यवाही किया गया है। बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों एवं यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्यवाही लगातार जारी रहेगा। साथ ही राजनांदगांव पुलिस की आम जनता से अपील है कि दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनें, तीन सवारी न चलें यातायात नियमों का पालन करें एवं सुरक्षित रहें।

लूटपाट के आरोपी पहुंचे जेल

खैरागढ़-रायपुर (आरएनएस)। 6 नवंबर की शाम को तीन युवक डेरहाराम, हर्षकुमार पाल और अमन करेला भवानी से कबड्डी खेलकर अपने गांव लौट रहे थे. दल्ली इलाके में स्थित पेट्रोल पंप में पेट्रोल भरवाने रूके तभी उनकी मुलाकात राजा सोलंकी और अमीन खान से हुई. पहले तो इन दोनों ने युवकों के साथ गाली-गलौच की, फिर उनकी बाइक छीन ली और उनसे मारपीट भी की. इसके बाद राजा सोलंकी और अमीन खान ने पुलिस में झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे खुद लूटपाट के शिकार हुए हैं. पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि लूट की घटना को अंजाम देने वाले असल में खुद राजा सोलंकी और उसका साथी अमीन खान था. उन्होंने साजिश के तहत उल्टा युवकों पर ही आरोप मढ़ दिया. फिलहाल, पुलिस ने राजा सोलंकी और अमीन खान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. इस घटना ने स्थानीय लोगों को गहरे सदमे में डाल दिया है और कांग्रेस नेता की इस हरकत से लोग स्तब्ध हैं।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

कोरबा (आरएनएस)। सर्वमंगला पुलिस चैकी क्षेत्र के अंतर्गत हुई सडक दुर्घटना में 30 वर्षीय दिलीप जाटवर की मौत हो गई। वह सिविल लाइन पुलिस थाना क्षेत्र के बुधवारी इलाके का निवासी था। जानकारी के अनुसार दिलीप चावल लेने के लिए बलौदा के बिरगहनी गया हुआ था। शाम को अपने घर लौटने के दौरान सर्वमंगला क्षेत्र में उसे अज्ञात वाहन ने ठोक दिया। बाइक सवार दिलीप बुरी तरह से घायल हो गया। बाद में उसकी मौत हो गई।

आईपीएस अफसरों के प्रभार में फेरबदल के संकेत

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के गृह विभाग में जल्द ही बड़ा फेरबदल देखने को मिल सकता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह की छुट्टी हो सकती है और उन्हें पुलिस हेडक्वार्टर, नया रायपुर भेजा जा सकता है। वहीं दुर्ग जिले के पुलिस कप्तान जितेंद्र शुक्ला को रायपुर का नया एसएसपी बनाया जा सकता है। बिलासपुर के पुलिस कप्तान रजनेश सिंह को दुर्ग जिले की कमान दी जा सकती है। बलौदाबाजार के पुलिस कप्तान विजय अग्रवाल को बिलासपुर जिले की जिम्मेदारी दी जा सकती है। इन जिलों के अलावा और भी कई जिलों के पुलिस कप्तानों की तबादला सूची संभवत: अगले सप्ताह जारी हो जाएगी। राजधानी में अपराधों के बढ़ते ग्राफ के कारण रायपुर एसएसपी की विदाई तय है। वहीं बाकी जिलों के पुलिस कप्तानों को भी उनके प्रदर्शन के आधार पर अन्य जिलों में शिफ्टिंग की पूरी तैयारी है। दुर्ग में निगरानी बदमाश के एनकाउंटर का लाभ जितेंद्र शुक्ला को मिलने वाला है और उन्हें अब रायपुर के एसएसपी के तौर पर जिम्मेदारी मिलने वाली है। बिलासपुर में बेहतर पुलिसिंग करने वाले रजनेश सिंह को दुर्ग जिले की कमान मिल सकती है।

डॉ.खूबचंद बघेल कृषि रत्न पुरस्कार से सम्मानित हुए किसान खेमराज पटेल

❐ **73 साल की उम्र में खेमराज पटेल को मिला छत्तीसगढ़ के सर्वश्रेष्ठ किसान होने का गौरव**

सारंगढ़ बिलाईगढ़

विपरीत परिस्थितियों में भी हार नहीं मानने वाले और खेती में आधुनिक सोच तथा रिस्क लेने की प्रवृति ने किसान खेमराज पटेल को कृषि क्षेत्र में डॉ.खूबचंद बघेल कृषि रत्न पुरस्कार दिलाया।

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के गोमर्डा अभ्यारण्य अंतर्गत ग्राम गंधराचुंआ नवाडीह के 73 वर्ष के खेमराज पटेल की खेती के प्रति जूनून आज भी देखते बनती है। इनकी खेती के प्रति वैज्ञानिक सोच ही इन्हे कृषि क्षेत्र में भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ राज्यपाल रामेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णूदेव साय, पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिह के द्वारा 6 नवम्बर को राज्य उत्सव के दौरान रायपुर पर कृषि क्षेत्र में डा. खूबचंद बघेल कृषि रत्न दिया गया। पुरूस्कार मिलने से अपने गांव की माटी से सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले को गौरवान्वित करने से क्षेत्र में खुशी का आलम है। महज 900 जनसंख्या वाले गंधराचुंआ नावाडीह गांव वाले इस गांव खेमराज का जन्म 1 नवम्बर 1951 में हुआ था। 8 वीं तक पढ़ाई करने के बाद परिवार वालों के साथ खेत जाते थे। पर पिता को अचानक किटनी में प्राब्लम आने के बाद खेती का सारा भार इनके ऊपर आ गया।1970 से इन्होने अपने बलबुते धान की खेती शुरू कर दी। जमीन कम होने एवं कृषि संधाधन की कमी होने के वाबजूद खेती में जी तोड़ मेहनत करने लगे। उस दौरान ये मोखरा, भादो,काकर, मासुरी, दु बराज नस्ल की धान की खेती से शुरूवात की। उत्पादन भी महज 12 से 15 क्विंटल होता था। जो भी कमाई होती पिता के बिमारी एवं घर खर्च में खत्म हो जाता था। पर इन्होने हिम्मत नही हारी 1990 में बैंक से कर्ज लेकर एरिया एवं गांव में प्रथम टीवबेल खुदाई कराकर एवं 1993 में ट्रेक्टर खरीदकर धान के साथ-साथ सफरी नस्ल धान की शुरूवात की इसमें उत्पादन भी 20 क्विंटल आने लगा। वहीं रवि फसल में धान के अलावा उड़द, मुंग, सरसो की खेती होने लगी। 2001 में गेंहुं का अतिरिक्त फसल लेने लगे। इससे खेती में संपन्नता आने लगी। 2011 में 25 लाख का कृषि यंत्र खरीद कर आधुनिक खेती शुरूवात करने के बाद खेती से घर में संपन्नता आने लगी। आज ये धान, सब्जी खेती के अलावा बकरी पालन से मछली पालन से भी अच्छी आमदनी कमा रहे हैं।

केले की खेती करने का दुस्साहस उठाया

खेती में अलग-अलग प्रयोग करने सोच खेमराज का हमेशा से रहा है। इनकी सोच का यही नतीजा था कि असंभव सा लगने वाली केले की खेती में भी इन्होने हाथ अजमाया। 2018 से 4 वर्ष तक इसका सफल उत्पादन कर हर साल 15 लाख तक की कमाई करने लगे। जिस कारण 13 जनवरी 2020 को प्रकृति कि ओर सोसायटी एवं उघानिकी विभाग द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय फल फुल, सब्जी प्रदर्शनी में इनके केले को छत्तीसगढ़ में प्रथम पुरूस्कार मिलने पर इनकी चर्चा दूर दूर तक होने लगी और सारंगढ़ में इनके द्वारा प्रथम केले की खेती को देखने दूर-दराज के किसान आने लगे। और इसकी खेती सीख कर कई गांव इसकी खेती शुरूवात हो गई।

कभी 6 एकड़ जमीन थी आज हो गई 20 एकड़

खेमराज पटेल जब 1970 में जब खेती की शुरूवात की थी उस समय इनके पास 6 एकड़ 66 डिसमील जमीन हुआ करती थी। आज खेती और उनकी मेहनत के बदौलत ही 20 एकड़ जमीन हो कई है। आज इनकी संपन्न्ता देखते ही बनती है। कभी इनका कच्चा खप्पर का मकान हुआ करता था अब आलीशान मकान में तब्दील हो गया है। घर सभी भौतिक सुख सुविधा के अलावा सभी प्रकार कृषि यंत्र के अलावा दो पहिया एवं चार पहिया वाहन मौजुद है।

स्वास्थ्य खराब होने पर भी रोजाना खेत देखने जाते फसल

73 वर्ष के उम्र में भी खेती के प्रति इनका समर्पण आज भी देखते ही बनता है। खेमराज बताते है कि पिछले कुछ सालों से मेरा स्वास्थ नरम-गरम रहता है। पर दिन में कम से कम एक बार फसलों को देखकर नही आता हूं खेत में 3 से 4 घंटे नही बिता लेता हूं तब तक मुझे चैन नही आता है।

कभी नही सोचा था इस उम्र में इतना बड़ा सम्मान मिलेगा

खेमराज पटेल से चर्चा के दौरान उनके आंखों में आंसु आ गया बोले कि जीवन भर मेहनत किया इस उम्र में इतना बड़ा सम्मान मुझे मिल जायेगा कभी ख्वाब में नही सोचा था।जीवन में कई उतार चढ़ाव देखा पर कभी दिल नही भर आया जो इस सम्मान मिलने के बाद भर आया है। इस सम्मान के बाद आज मेरे मेहनत का फल आज मिला है। मेरी गांव की माटी को कोटी-कोटी प्रणाम है जिस कारण से आज मुझे यह सम्मान मिला है।

हाई कोर्ट की फटकार का असर, चकाचक हुई शहर की सड़कें

बिलासपुर। आरएनएस

छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की नाराजगी का असर कहें या फिर उनकी संवेदनशीलता और लोगों की जानमाल की सुरक्षा की चिंता। नगर निगम व पीडब्ल्यूडी ने अपने हिस्से की सडक़ों का मरम्मत का कार्य प्रारंभ कर दिया है। इसी कड़ी में नगर निगम ने अपने हिस्से की 20 सडक़ों का मरम्मत का काम पूरा कर लिया है। प्रशासनिक अफसरों व विभागीय अधिकारियों से लेकर आम शहरी को भी यह बात अच्छी तरह पता है कि इस पूरे मामले में छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट की लगातार मानिटरिंग हो रही है और कड़ाई बरती जा रही है। अचरज की बात ये कि अब जब सडक़ें चकाचक हो रही है, राजनीतिक रूप से श्रेय लेने की कोशिशें भी उसी अंदाज में सामने आने लगा है। जाहिर सी बात है,सामने नगर निगम चुनाव है। श्रेय लेने की कोशिशें भी इसी रूप में सामने आने लगी है।

बरसात में जर्जर हो चुकी शहर की सडक़ों को मरम्मत करने का कार्य किया जा रहा है। कार्य के पहले चरण के तहत नगर निगम द्वारा शहर की 20 सडक़ों का मरम्मत कर डामरीकरण और पेंच रिपेयरिंग पूरा किया जा चुका है। हाई कोर्ट की नोटिस और जवाब-तलब के बीच बारिश के दौरान सडक़ क्षतिग्रस्त हो चुकें थे,जिसके मरम्मत के लिए नगर निगम ने शासन को प्रस्ताव भेजा था।

चीफ जस्टिस ने अफसरों से पूछे थे सवाल बीते महीने जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से पैरवी कर रहे महाधिवक्ता कार्यालय के विधि अधिकारी ने जब चीफ जस्टिस को बताया कि प्रदेशभर की सडक़ों की मरम्मत और पेच रिपेयरिंग के लिए राज्य शासन ने बजट जारी कर दिया है। अब जल्द सडक़ों के मरम्मत का काम प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस पर चीफ जस्टिस ने पूछा था कि फंड का सदुपयोग होगा या फिर दुरुपयोग। सीजे ने यह भी चेतावनी दी थी कि काम गुणवत्तापूर्ण हो और शासन की मंशानुरुप फंड का सदुपयोग हो।

नगर निगम का दावा,इन सडक़ों के मरम्मत का काम पूरा 1 विजय वंदना हॉस्पिटल से नर्मदा नगर चैक (मुंगेली बाईपास रोड) 2 मंगला चैक से उस्लापुर ओव्हर ब्रिज 3 मुंगेली नाका से सर्किट हाउस मोड तक (सर्कि ट हाउस रोड)

मध्य नगरीय चैक से सत्यम चौक तक 5 सत्यम चैक से मगर पारा चौक तक 6 मगर पारा चैक से भारतीय नगर चौक तक 7 सीएमडी चैक से गायंत्री मंदिर चौक तक 8 रानी सती मंदिर रोड शांति नगर 9 पावर हाउस चैक से गुम्बर पेट्रोल पंप तक (धान मण्डी रोड तोरवा) 10 पुराना हरिभूमि चैक से बृहस्पति बाजार तक 11 बृहपस्पति बाजार रोड से देवकीनंदन चौक तक 12 भक्त कंवर राम गेट से सांई मंदिर नेहरू नगर (पं. श्यामलाल चतुर्वेदी स्मार्ट रोड) 13 सांई मंदिर चौक से नर्मदा नगर चौक 14 जगमल चैक से मन्नु चौक 15 मन्नु चैक से शिव टाकिज चौक तक 16 मन्नु चैक से दयालबंद चौक तक 17 जेल रोड 18 राजेन्द्र नगर चैक से मुख्य डाक घर तक 19 आजाद चौक मंगला 20 मंगला चौक से सेट फ्रांसिस चौक तक।

कोरबी पहुंचा 49 हाथियों का दल

कोरबा। आरएनएस

कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज में हाथी समस्या खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है। यहां के कोरबी सर्किल में 49 हाथियों का दल फिर पहुंच गया है। रात्रि में अचानक पहुंचे हाथियों के इस दल ने कोरबी एवं आसपास के गांव में ग्रामीणों के खेतों में वहां पककर तैयार धान की फसल को रौंद दिया है। ग्रामीणों द्वारा हाथियों के आने तथा फसल रौंदे जाने की सूचना दिए जाने पर वन विभाग का अमला अलर्ट हो गया है और गजदल की निगरानी करने के साथ ही नुकसानी के आंकलन में जुट गया है। बड़ी संख्या में हाथियों की क्षेत्र में मौजूदगी से ग्रामीण काफी दहशत में हैं। वहीं वन अमला उन्हें सतर्क करने के लिए मुनादी कराने का काम शुरू कर दिया है। रेंजर अभिषेक दुबे ने बताया कि हाथियों के क्षेत्र में आने की सूचना मिलते ही विभाग अलर्ट मोड में है और हाथियों की सतत निगरानी में जुट गया है। कोरबी सर्किल में 49 हाथियों के अलावा एक लोनर हाथी मदनपुर क्षेत्र में विचरण कर रहा है जिसकी निगरानी भी विभागीय कर्मचारियों द्वारा की जा रही है।

सडक़ हादसे में एसआई की मौत, आरक्षक घायल

गौरेला पेंड्रा मरवाही। आरएनएस

के गौरेला थाना क्षेत्र में आज एक बड़ा हादसा हुआ है, हादसे में कोरबा जिले की पाली पुलिस की स्कार्पियो वाहन हादसे का शिकार हो गई। हादसे में एक सब इंस्पेक्टर की मौके पर मौत हो गई, तो एक आरक्षक गंभीर रूप से घायल है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद इलाज के लिए बिलासपुर रेफर कर दिया गया है। जबकि एक आरक्षक और दो चालको को हल्की चोटे आई है। हादसे में एक सब इंस्पेक्टर की मौके पर मौत हो गई, तो एक आरक्षक गंभीर रूप से घायल है जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद इलाज के लिए बिलासपुर रेफर कर दिया गया है। वहीं जबकि एक आरक्षक और दो चालकों को हल्की चोटे आई है। हादसे में सब इंस्पेक्टर विलायत हुसैन की मौके पर मौत हो गई, जबकि आरक्षक शैलेंद्र तंवर को गंभीर चोट आई। एक आरक्षक नारायण कश्यप और दो चालक ड्राइवर गोपी नागवंशी और वरमु चौहान को मामूली चोट आई है। हादसे के वक्त वाहन को गोपी नागवंशी चला रहा था कि वाहन वेंकटनगर रोड से गौरेला की ओर आने सडक़ पर मेंढूका गाव के पास आज सुबह सडक़ में उनके वाहन के सामने अचानक एक कुत्ते के आ जाने से चालक वाहन पर अपना नियंत्रण खो बैठा और वाहन अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे 4 बार पलटते हुए सडक़ से 50 मीटर अंदर चले गई। घटना की सूचना मिलते ही जीपीएम जिले के पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए और घायलों को त्वरित इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजवाया गया। जानकारी के अनुसार पाली पुलिस की टीम 1 सब इंस्पेक्टर 2 आरक्षक और 2 चालको के साथ पाली से 6 तारीख को कानपुर गई हुई थी किसी प्रकरण में आरोपी की पता साजी के लिए और कल कानपुर से वापस पाली आने को निकली थी। इस दौरान सुबह आज यह हादसा हो गया है। फिलहाल गौरेला पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है, तो शव का पोस्टमार्टम के बाद मृतक सब इंस्पेक्टर के परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

रायगढ़ में मोटरसायकल मरम्मत का निशुल्क प्रशिक्षण 11 नवंबर से प्रारंभ

❐ **रायगढ़ और सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण ही कर सकते हैं फ्री ट्रेनिंग**

सारंगढ़ बिलाईगढ़

रायगढ़ एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीणों के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशन में भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) रायगढ़ में मोटरसाइकल (दो पहिया) वाहन मरम्मत का 30 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण 11 नवंबर 2024 से आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी और रजिस्ट्रेशन के लिये मोबाइल नम्बर पर 7974942078, 865691978, 7999984982 संपर्क कर और दस्तावेज वाट्सअप करके पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान रहना,खाना एवं सीखना पूर्णतः निःशुल्क हैं।

एसबीआई आरसेटी रायगढ़ के सीनियर समन्वयक श्रवण श्रीवास्तव से प्राप्त जानकारी अनुसार इस प्रशिक्षण के लिये रायगढ़ एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के शिक्षित बेरोजगार युवती एवं महिला को प्रशिक्षण दिया जाना हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिये उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष एवं कम से कम 08 वीं पास होना अनिवार्य हैं। प्रशिक्षाणार्थी अपने साथ अंकसूची, आधार कार्ड, गरीबी रेखा राशन कार्ड, रोजगार गारंटी जॉब कार्ड,बैंक पासबुक एवं 05 रंगीन पासपोर्ट साईज का फोटो लेकर भारतीय स्टेट बैंक गामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान टी.वी. टॉवर रोड़ क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र के पीछे छोटे अतरमुड़ा रायगढ़ में पंजीयन करा सकते हैं। विशेष रोजगार गारंटी के तहत् एक वित्तीय वर्ष में 100 दिन कार्य किया हैं, तो उसे रोजगार गारंटी के तहत् प्रति दिवस 243 रुपए की दर से भत्ता भी प्रदान किया जायेगा। प्रमाणित प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाता हैं। प्रशिक्षण अवधि में खाना, रुकना एवं सीखना पूर्णतः निःशुल्क रहेगी। प्रशिक्षण पश्चात् प्रमाण पत्र दिया जायेगा।व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु बैंक से ऋण भी उपलब्ध कराया जाता हैं।

कमीशनिंग में 19 ईवीएम डिफेक्टिव निकली, 1504 सही पाई गई, मशीनों को किया सीलबंद

रायपुर। आरएनएस

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में उपयोग में लाई जाने वाली ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग की गई। इसमें 19 मशीनें डिफेक्टिव निकलीं, जिसके कारण इन मशीनों को रिजेक्ट कर दिया गया है।

अब इन मशीनों का 13 नवंबर को होने वाले मतदान के दिन पोलिंग बूथों में इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। सेजबहार स्थित स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग का काम गुरुवार को समाप्त हुआ। उपचुनाव के लिए जिला प्रशासन को 1523 ईवीएम मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं। इनमें बीयू 719, सीयू 379 व वीवीपैट की संख्या 425 है। इन मशीनों का मतदान से पूर्व कमीशनिंग कराया गया है।

कमीशनिंग के माध्यम से तकनीकी रूप से खराब या डिफेक्टिव हो चुकी मशीनों को अलग करना है। इसके लिए हैदराबाद से दो इंजीनियरों की टीम आई हुई है, जिनके द्वारा बारीकी से मशीनों की जांच की गई। जांच के दौरान इनमें से 5 बीयू, 1 सीयू व 13 वीवीपैट डिफेक्टिव निकलीं। डिफेक्टिव मशीनों को रिजेक्ट कर दिया गया है। इन मशीनों का अब चुनाव में इस्तेमाल नहीं किया जाएगा।

कमीशनिंग व मॉकपोल के बाद चुनाव में इस्तेमाल की जाने वाली ईवीएम मशीनों को जिला उप निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग ऑफिसर पुष्पेंद्र शर्मा सहित अन्य चुनाव अधिकारियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम में रखकर उसे सीलबंद किया गया है। स्ट्रांग रूम को अब मतदान दलों को पोलिंग बूथों के लिए रवाना करने के दिन खोला जाएगा।

कमीशनिंग के बाद हुआ मॉकपोल

जिला उप निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे ने बताया कि, 5 से 7 नवंबर तक कमीशनिंग का कार्य चला है। कमीशनिंग के बाद चुनाव में खड़े भाजपा- कांग्रेस सहित अन्य विभिन्न राजनीतिक दलों के कई प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में मॉकपोल भी किया गया। मॉकपोल के दौरान कमीशनिंग में सही पाई कमीशनिंग में सही पाई गई कुछ ईवीएम मशीनों में प्रतिनिधियों ने एक- एक वोट डालकर मशीनों को परखा। हालांकि जिन मशीनों में ट्रायल के रूप में वोट डाले गए, उनका इस्तेमाल भी चुनाव में नहीं किया जाएगा।

मुठभेड़ में पीएलजीए प्लाटून कमाण्डर जोगा माड़वी (डीवीसी) समेत 03 वर्दीधारी पुरुष माओवादियों का शव बरामद

❐ **घटनास्थल से सर्चिंग उपरान्त 01 नग स्नाइपर एसएलआर, 01 नग 12 बोर बंदूक, 01 नग पिस्टल आदि बरामद**

❐ **मुठभेड़ में बड़ी संख्या में अन्य माओवादियों के मारे जाने अथवा घायल होने की संभावना**

बीजापुर-रायपुर। आरएनएस

पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज सुन्दरराज पी. द्वारा बताया गया कि बस्तर संभाग अंतर्गत विगत महीनों से प्रभावी नक्सल विरोधी अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत नक्सलवाद का सफाया करने के उद्देश्य से बीजापुर पुलिस के द्वारा नक्सल विरोधी अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में दिनांक 08 नवम्?बर 2024 को जिला बीजापुर के थाना उसूर-पामेड़-बासागुड़ा- तर्रेम क्षेत्रान्तर्गत माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर संयुक्त बल रवाना किया गया था। पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ0 जितेन्द्र कुमार यादव द्वारा बताया गया कि जिला बीजापुर के थाना उसूर-बासागुड़ा-पामेड़-तर्रेम क्षेत्र में प्लाटून नम्बर 09 कमाण्डर विज्जा, उसूर रुहस् कमाण्डर देवा एवं अन्य 30-40 सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना प्राप्त होने पर संयुक्त पुलिस पार्टी सर्चिंग अभियान पर गई थी। अभियान के दौरान दिनांक 08/11/2024 के लगभग 11:00 बजे से रेखापल्ली-कोमटपल्ली के जंगल में बटालियन एवं कंपनी के द्वारा सुरक्षा बलों को जान से मारने एवं हथियार लूटने की नियत से अंधाधुंध फायरिंग किया गया। उक्त अभियान में सर्चिंग के दौरान दिनांक 08.11.2024 के करीबन सुबह 11 बजे से लगातार रेखापल्ली- कोमटपल्ली के जंगलों-पहाड़ी क्षेत्र में पुलिस पार्टी और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। सुरक्षा बलों के द्वारा तत्काल पोजिशन लेकर आत्मसमर्पण हेतु आवाज दिया गया। आत्मसमर्पण की बात को माओवादियों के द्वारा अनसुना करते हुए और अधिक मात्रा में फायरिंग करने लगे। पुलिस पार्टी के पास आत्मसुरक्षार्थ फायरिंग के अलावा अन्य कोई विकल्प नही होने से मौके पर पोजिशन लेकर जवाबी फायरिंग किया गया। रूक-रूक कर अलग-अलग टीम से लगातार मुठभेड़ हुआ। जवाबी फायरिंग से खुद को घिरता देख माओवादी घने जंगल पहाड़ आड़ लेते हुए भाग गये। पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ0 जितेन्द्र कुमार यादव द्वारा बताया गया कि फायरिंग बंद होने पर सभी टीमो द्वारा अपने -अपने दिये ये टॉस्क क्षेत्र में सर्चिंग कर घटनास्थल से 03 वर्दीधारी पुरुष माओवादियों का शव एवं हथियार सहित भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ, दवाईया एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद हुआ।

घटनास्थल से और भी खून के धब्बे दिखाई दिये जिससे प्रतीत होता है कि मुठभेड़ में बड़ी संख्या में अन्य माओवादियों के मारे जाने अथवा घायल होने की संभावना है। वर्ष 2024 में जिले में माओवादियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में अब तक कुल 55 माओवादियों के शव, 421 गिरफ्तार एवं 184 माओवादियों के द्वारा आत्मसमर्पण किया गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU